Sahakar Taxi Cooperative Limited (STCL) and Municipal Corporation of Greater Mumbai (MCGM) Signed MoU to Advance Urban Mobility and Smart City Integration

Mumbai | 23 July 2026

Sahakar Taxi Cooperative Limited (STCL) and Municipal Corporation of Greater Mumbai (MCGM) and , signed a Memorandum of Understanding (MoU) on 23 July 2026 to strengthen urban mobility, improve first-mile and last-mile connectivity, promote green transportation, and support Smart City initiatives across Mumbai.

The collaboration marked a significant step towards integrating technology-driven mobility solutions with Mumbai's civic infrastructure to provide safe, organised, app-based, and cashless transportation services. The collaboration aimed to improve commuter convenience, expand access to reliable mobility services, and encourage sustainable urban transport.

In accordance with the MoU, **MCGM** agreed to facilitate access to designated civic infrastructure, including taxi stands, parking bays, pick-up and drop-off zones, kiosk spaces, and electric vehicle charging locations, while streamlining permissions through a single-window facilitation mechanism. The Corporation also agreed to support public awareness by promoting Bharat Taxi through its official communication platforms, Smart City channels, display boards, and other designated public infrastructure, along with promotional opportunities on MCGM-managed LED display screens wherever available. The partnership further focused on advancing green mobility through support for EV charging infrastructure and adoption of low-emission vehicles. **Bharat Taxi** committed to operating app-based taxi services across designated public locations, including transport hubs, hospitals, markets, parks, municipal offices, and heritage destinations, while maintaining a technology-enabled platform with features such as real-time ride tracking, cashless payments, QR-code access, and integrated SOS emergency assistance to enhance commuter safety and convenience.

STCL further committed to ensuring that all driver partners possessed valid commercial licences and permits, operated safe and roadworthy vehicles, and complied with all applicable transport and safety regulations. The organisation also reaffirmed its commitment to women's safety, inclusive mobility, and the gradual expansion of its green mobility fleet in line with Mumbai's sustainability goals.

The event was inaugurated by Hon'ble Chief Minister of Maharashtra, Shri Devendra Fadnavis, in the distinguished presence of Hon'ble Union Minister of State for Civil Aviation and Cooperation Shri Murlidhar Mohol, along with senior government officials, Members of Parliament, Members of the Legislative Assembly, representatives from the cooperative sector, distinguished dignitaries, and hundreds of Bharat Taxi Sarathis from across the state. The MoU signing ceremony was held in the esteemed presence of the dignitaries, marking a significant step towards fostering institutional collaboration for the seamless implementation and expansion of Bharat Taxi across Maharashtra.

The organisations agreed to work together on technology-driven mobility initiatives, improved public transport integration, and enhanced commuter services across the city. The collaboration reflected the shared commitment of MCGM and Bharat Taxi to creating a safer, smarter, greener, and more connected urban transportation ecosystem that supports Mumbai's vision of sustainable and citizen-centric mobility.

About Bharat Taxi

Bharat Taxi (Sahakar Taxi Cooperative Limited) is a multi-state cooperative society of Sarathis built on the principles of fair earnings, shared ownership, and dignified livelihoods for drivers.

The platform is supported by leading national cooperative institutions, including National Cooperative Development Corporation (NCDC), Indian Farmers Fertiliser Cooperative Limited(IFFCO), Gujarat Cooperative Milk Marketing Federation (GCMMF), Krishak Bharati Cooperative Limited(KRIBHCO), National Agricultural Cooperative Marketing Federation of India (NAFED), National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD), National Dairy Development Board (NDDB), and National Cooperative Exports Limited (NCEL).

Inspired by the vision of “Sahakar se Samriddhi” (shared prosperity through cooperation), Bharat Taxi aims to build a mobility system where drivers are not only service providers but also partners in the platform they support.

सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड (एसटीसीएल) और बृहन्मुंबई महानगरपालिका (एमसीजीएम) ने शहरी गतिशीलता एवं स्मार्ट सिटी एकीकरण को बढ़ावा देने हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए

मुंबई | **23** जुलाई **2026**

सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड (एसटीसीएल) और बृहन्मुंबई महानगरपालिका (एमसीजीएम) ने 23 जुलाई 2026 को मुंबई में शहरी गतिशीलता को सुदृढ़ करने, प्रथम-मील (फर्स्ट-माइल) एवं अंतिम-मील (लास्ट-माइल) कनेक्टिविटी में सुधार, हरित परिवहन को बढ़ावा देने तथा मुंबई में स्मार्ट सिटी पहलों को समर्थन प्रदान करने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

यह सहयोग मुंबई के नागरिक बुनियादी ढाँचे के साथ प्रौद्योगिकी-संचालित गतिशीलता समाधानों के एकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, ताकि नागरिकों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित, ऐप-आधारित एवं कैशलेस परिवहन सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। इस साझेदारी का उद्देश्य यात्रियों की सुविधा में वृद्धि करना, विश्वसनीय गतिशीलता सेवाओं की पहुँच का विस्तार करना तथा सतत शहरी परिवहन को प्रोत्साहित करना है।

समझौता ज्ञापन के अनुसार, एमसीजीएम ने टैक्सी स्टैंड, पार्किंग बे, निर्धारित पिक-अप एवं ड्रॉप-ऑफ ज़ोन, कियोस्क हेतु स्थान तथा इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्थलों सहित निर्धारित

नागरिक अवसंरचना तक आवश्यक पहुँच उपलब्ध कराने पर सहमति व्यक्त की है। साथ ही, संचालन संबंधी अनुमतियों को सरल एवं त्वरित बनाने के लिए एकल-खिड़की (सिंगल विंडो) सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। निगम ने अपने आधिकारिक संचार माध्यमों, स्मार्ट सिटी प्लेटफ़ॉर्म, सूचना प्रदर्शन बोर्डों तथा अन्य निर्धारित सार्वजनिक अवसंरचनाओं के माध्यम से भारत टैक्सी का प्रचार-प्रसार कर जन-जागरूकता बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की है। जहाँ उपलब्ध होगा, वहाँ एमसीजीएम द्वारा संचालित एलईडी डिस्प्ले स्क्रीन पर भी प्रचार-प्रसार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। यह साझेदारी इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग अवसंरचना को प्रोत्साहन तथा कम उत्सर्जन वाले वाहनों को अपनाने के माध्यम से हरित गतिशीलता को बढ़ावा देने पर भी केंद्रित है। भारत टैक्सी ने परिवहन केंद्रों, अस्पतालों, बाजारों, उद्यानों, महानगरपालिका कार्यालयों तथा विरासत स्थलों सहित निर्धारित सार्वजनिक स्थानों पर ऐप-आधारित टैक्सी सेवाएँ संचालित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। साथ ही, यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित करने के लिए रियल-टाइम राइड ट्रैकिंग, कैशलेस भुगतान, क्यूआर-कोड आधारित एक्सेस तथा एकीकृत एसओएस (SOS) आपातकालीन सहायता जैसी सुविधाओं से युक्त प्रौद्योगिकी-संचालित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म का संचालन भी सुनिश्चित किया जाएगा।

एसटीसीएल ने यह भी सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की कि उसके सभी चालक साझेदारों के पास वैध व्यावसायिक ड्राइविंग लाइसेंस एवं आवश्यक परमिट होंगे, वे सुरक्षित एवं सड़क-योग्य वाहनों का संचालन करेंगे तथा सभी लागू परिवहन एवं सुरक्षा नियमों का पूर्ण पालन करेंगे। संस्था ने महिला सुरक्षा, समावेशी गतिशीलता तथा मुंबई के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप अपने हरित परिवहन बेड़े के चरणबद्ध विस्तार के प्रति भी अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस ने किया। इस अवसर पर भारत सरकार के नागरिक उड्डयन एवं सहकारिता राज्य मंत्री श्री मुरलीधर मोहोल, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, सांसद, विधायक, सहकारिता क्षेत्र के प्रतिनिधि, विशिष्ट अतिथि तथा राज्यभर से आए सैकड़ों भारत टैक्सी सारथी उपस्थित रहे। सभी गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में एमओयू हस्ताक्षर समारोह सम्पन्न हुआ, जिसने महाराष्ट्र में भारत टैक्सी के निर्बाध क्रियान्वयन एवं विस्तार के लिए संस्थागत सहयोग को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम स्थापित किया।

दोनों संस्थाओं ने प्रौद्योगिकी-संचालित गतिशीलता पहलों, सार्वजनिक परिवहन के बेहतर एकीकरण तथा पूरे शहर में यात्रियों के लिए उन्नत परिवहन सेवाओं के विकास हेतु मिलकर कार्य करने पर सहमति व्यक्त की। यह साझेदारी एमसीजीएम और भारत टैक्सी की उस साझा प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है, जिसके माध्यम से वे मुंबई के लिए एक सुरक्षित, स्मार्ट, हरित एवं अधिक समन्वित शहरी परिवहन तंत्र का निर्माण करना चाहते हैं, जो शहर की सतत एवं नागरिक-केंद्रित गतिशीलता की परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

भारत टैक्सी **(**सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड**)**

सारथियों (ड्राइवरों) की एक बहु-राज्यीय सहकारी संस्था है, जिसकी स्थापना न्यायसंगत आय, साझा स्वामित्व और ड्राइवरों के सम्मानजनक जीवनयापन के सिद्धांतों पर की गई है। यह मंच देश की अग्रणी सहकारी संस्थाओं के सहयोग एवं समर्थन से संचालित है, जिनमें नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (NCDC), इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइज़र कोऑपरेटिव लिमिटेड (IFFCO), गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (GCMMF), कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (KRIBHCO), नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (NAFED), नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (NABARD), नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (NDDB) तथा नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (NCEL) शामिल हैं।

"सहकार से समृद्धि" के विज़न से प्रेरित भारत टैक्सी एक ऐसे मोबिलिटी इकोसिस्टम के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है, जहां ड्राइवर केवल सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि प्लेटफॉर्म के भागीदार और सह-स्वामी भी हों। संस्था का उद्देश्य सहकारिता के माध्यम से सारथियों को आर्थिक सशक्तिकरण, बेहतर अवसर और दीर्घकालिक समृद्धि प्रदान करना है।